महंगी चीनी से निजात उत्पादन में हुई वृद्धि

मुंबई, प्रेट्र : चीनी की बढ़ती कीमतों से निजात मिलने के आसार हैं। अब तक के आंकड़ों के मुताबिक देश में चीनी का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले बढ़ा है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने गुरुवार को कहा कि अक्टूबर से शुरू हुए नए सीजन में चीनी उत्पादन पिछले वर्ष के मुकाबले करीब दो प्रतिशत बढ़कर अब तक 7.87 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया है।

उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में गन्ने की पेराई जल्द शुरू होने के कारण चीनी के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। चीनी मिलों ने इस साल 15 नवंबर तक 7.87 लाख टन का उत्पादन किया है, जबकि पिछले वर्ष इस दौरान 7.72 लाख टन उत्पादन हुआ था। इस्मा ने कहा कि 15 नवंबर तक 222 चीनी मिलों ने गन्ने की पेराई का काम शुरू कर दिया जबकि चीनी सत्र 2015-16 की समान अवधि तक 175 मिलों ने पेराई शुरू की थी।